# Joint Statement

**Hon Natalie Hutchins MP**
Minister for Government Services
Minister for Treaty and First Peoples
Minister for Prevention of Family Violence
Minister for Women

**Ngarra Murray**
Co-Chair of the
First Peoples' Assembly of Victoria

**Rueben Berg**
Co-Chair of the
First Peoples' Assembly of Victoria

Link: https://www.treatyvictoria.vic.gov.au/negotiations-finalised-victorias-treaty-9-september-2025

## विक्टोरिया की संधि (Victoria's Treaty) के लिए समझौता-वार्ता को अंतिम रूप दिया गया | 9 सितंबर 2025

विक्टोरिया की दशक भर की संधि प्रक्रिया में एक प्रमुख उपलब्धि हासिल की गई है, जब विक्टोरिया की सरकार और विक्टोरिया की फर्स्ट पीपल्स असेंबली ने ऑस्ट्रेलिया की पहली संधि पर सैद्धांतिक रूप से सहमत प्राप्त की।

पहला समझौता-वार्ता राज्यव्यापी संधि समझौता, फर्स्ट पीपल्स असेंबली ऑफ विक्टोरिया और विक्टोरिया की सरकार के माध्यम से सम्मान, विश्वास और अखंडता के आधार पर एक नया रिश्ता बनाने के लिए फर्स्ट पीपल्स को एक साथ लाता है। यह हमारे अतीत को स्वीकार करता है और सभी विक्टोरियावासियों के लिए एक साथ आगे बढ़ने का एक मौका है।

सरकार आज विक्टोरिया के संसद में राज्यव्यापी संधि विधेयक (Statewide Treaty Bill) प्रस्तुत करेगी। राज्यव्यापी संधि विधेयक विक्टोरिया की फर्स्ट पीपल्स असेंबली को स्थायी बनाने और विक्टोरिया में फर्स्ट पीपल्स के लिए बेहतर परिणाम प्रदान करने के लिए इसकी जिम्मेदारियों का विस्तार करने का प्रस्ताव है।

संसद द्वारा विधेयक पारित होने के अधीन, दोनों पक्षों द्वारा समझौता-वार्ता किए गए संधि समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

नीतियाँ और कार्यक्रम तब सबसे बेहतर ढंग से काम करते हैं जब उनसे प्रभावित लोगों की इस बारे में राय होती है कि उन्हें कैसे लागू किया जाता है - इसीलिए यह विधेयक उन पहलों और सेवाओं के बारे में निर्णय लेने की शक्ति को फर्स्ट पीपल्स असेंबली के हाथों में सौंपने का प्रस्ताव करता है जो फर्स्ट पीपल्स (प्रथम लोगों) को प्रभावित करती हैं।

विधेयक (बिल) यह प्रस्ताव रखता है कि विस्तारित सभा (असेंबली):

- का नेतृत्व लोकतांत्रिक रूप से ऐसे निर्वाचित सदस्यों द्वारा किया जाए जो फर्स्ट पीपल्स का प्रतिनिधित्व करते हों
- उन विशिष्ट मामलों के बारे में निर्णय और नियम बनाए जो फर्स्ट पीपल्स को सीधे प्रभावित करते हैं
- अंतर को मिटाने के राष्ट्रीय समझौते के अनुसार एक स्वतंत्र (निष्पक्ष) जवाबदेही तंत्र का गठन करे
- फर्स्ट पीपल्स को प्रभावित करने वाले कानूनों और नीतियों पर सरकारी विभागों से सलाह-मशविरा करे

- विक्टोरिया के शहरों और क्षेत्रों में चल रहे सत्य-कथन और उपचार का नेतृत्व करे, जिसमें कहानियों को इकट्ठा करना और व्यापक जनता की शिक्षा में सहयोग करने के लिए इस जानकारी का संग्रह बनाए रखना शामिल है
- मौजूदा नामित फर्स्ट पीपल्स की सीटों के लिए कुछ निश्चित वैधानिक नियुक्तियां करे जैसे कि विक्टोरिया की हेरिटेज काउंसिल में फर्स्ट पीपल्स की नियुक्तियां
- आदिवासी सामुदायिक अवसंरचना कोष, विक्टोरियन आदिवासी सम्मान सूची और NAIDOC सप्ताह का नेतृत्व करे
- पूरे क्षेत्र में नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के लिए फर्स्ट पीपल्स का संस्थान विकसित करे

विक्टोरिया में, हम लगभग एक दशक से सत्य और संधि के लंबे और स्थिर मार्ग पर हैं। हमने दो बार कानून पारित किया है, नीतियां विकसित की हैं, तथा सरकार भर में प्रतिबद्धताएं व्यक्त की हैं।

हमने संधि के लिए मजबूत नींव रखने हेतु आवश्यक समय लिया है, और यह विधेयक इस यात्रा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि को दर्शाता है।